# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,

खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम(ग्रामीण)
पनकी रॉ वाटर इन्टेक परिसर, अर्मापुर,
कालपी रोड, कानपुर नगर–208009
✆9473942735 ✉ee2pdjalnigamknp@yahoo.in


पत्रांकः 3772/W-13 /552 दिनांक 05/09/2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषयः दैनिक भास्कर समाचार पत्र के ऑनलाइन संस्करण में प्रकाशित खबर "बैरी अलीपुर में जल जीवन मिशन की खोदी सड़कें नहीं गड्ढों और कीचड़ से आवागमन मुश्किल, SDM ने जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर समाचार पत्र के ऑनलाइन संस्करण में **04 सितम्बर 2026 को प्रकाशित खबर "बिल्हौर ब्लॉक के बैरी अलीपुर गांव में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी गई थीं। इन सड़कों को पाइपलाइन डालने के बाद ठीक से मरम्मत नहीं किया गया है। इससे जगह–जगह गड्ढे हो गए हैं और रास्ते ऊबड़–खाबड़ हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।**, के सम्बन्ध में लिखा गया है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आंवटित फर्म M/s VSA Infra Projects Private Limited & SMC Infrastructure Pvt. Ltd. (JV) द्वारा विकासखण्ड बिल्हौर की बैरी अलीपुर पेयजल योजना निर्माण एवं रख–रखाव का कार्य कराया जा रहा है।

कार्यदायी संस्था द्वारा मरम्मत एवं समतलीकरण का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। वर्तमान में धंसान वाले स्थानों पर गिट्टी व जी0एस0बी0 का भराव कर मार्ग को पूरी तरह समतल कर दिया गया है तथा उखड़ी हुई इंटरलॉकिंग रोड की मरम्मत का कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न करा दिया गया है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन पुनः पूर्णतः सुगम हो गया है। कार्यदायी संस्था को हिदायत दी गई है कि भविष्य में भी कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर नियमानुसार सख्त आर्थिक एवं दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

संबंधित जॉच एवं प्रगति आख्या आपके अवलोकन तथा अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

भवदीय

for अधिशासी अभियन्ता


पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसारः

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
3. उप जिलाधिकारी महोदय, विकासखण्ड बिल्हौर, कानपुर नगर।
4. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
6. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, कानपुर नगर।
7. मै0 वी0एस0ए0, कानपुर नगर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner













Scanned with OKEN Scanner